Hindi



# नैतिक अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता (Our Commitment to Ethical Integrity)

हमारी
Covenant Health
संस्कृति का निर्माण

Covenant Health

## हमारा वचन
## (Our promise)

नैतिक अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता किसी आचरण संहिता की अपेक्षा– एक वचन है... हम एक ऐसी संस्कृति बनाने का वादा करते हैं, जो हमारे कर्मचारियों, फ़िज़ीशियन और स्वेच्छाकर्मियों का विकास करेगी, यह जानते हुए भी कि हम ऐसे निर्णय ले रहे हैं और व्यवहार का ऐसा मानक स्थापित कर रहे हैं जो पूरी तरह से उन लोगों के लिए निर्देशित हैं जिन्हें हम सेवाएँ देते हैं.

# Covenant Health आचरण संहिता (Covenant Health Code of Conduct)


2 Covenant Health बोर्ड की अपेक्षाएँ

2 हम अपने बारे में जो कुछ कहते हैं वैसा बनने के लिए हमें क्या काम करना चाहिए

3 स्वास्थ्य नैतिकता मार्गदर्शिका पर आधारित

3 हमारे मूल्यों में निहित

4 सहानुभूति

4 सम्मान

5 सहयोग

5 सामाजिक न्याय

6 अखंडता

6 प्रबंधन

7 हर किसी को एक भूमिका निभानी है

8 हमारा वचन

9 संसाधन

# Covenant Health बोर्ड की अपेक्षाएँ
## (The Covenant Health Board's expectations)

हमारी Covenant Health संस्कृति का निर्माण निदेशक मंडल द्वारा नैतिक अखंडता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने वाली नीति से शुरू होता है. निदेशक मंडल की प्रतिबद्धता ही हमारी प्रतिबद्धता है. इस कथन में स्थापित बोर्ड की अपेक्षाएँ Covenant Health की सुविधाओं में काम करने, अभ्यास करने, या स्वेच्छाकर्मी के रूप में सेवा देने वाले सभी लोगों पर लागू होती हैं.

Covenant Health के निदेशक मंडल द्वारा नैतिक अखंडता के सर्वोच्च मानकों को निर्धारित करने, तथा अपने सभी कार्यों में उन मानकों का पालन करने तथा उन्हें आदर्श बनाने की प्रतिबद्धता, हम सभी से संबंधित है.

*नैतिक अखंडता के प्रति हमारी* प्रतिबद्धता हमारी आचरण संहिता है– जिसका तात्पर्य Covenant Health टीम के सदस्य के रूप में मानक स्थापित करना और उसे लागू करना है, हममें से हर कोई व्यवहार के इन मानकों का पालन करके ऐसी नैतिक संस्कृति तैयार करने के लिए उत्तरदायी है जिससे हमारे संगठन को व्यापक रूप से जाना जाएगा.

# हम अपने बारे में जो कुछ कहते हैं वैसा बनने के लिए हमें क्या काम करना चाहिए
## (How we ought to act in light of who we say we are)

Covenant Health में अपने रोगियों और निवासियों के लिए– अपने दृष्टिकोण से जो कुछ भी करते हैं उसमें नैतिकता व्याप्त है कि हम संसाधन आबंटित करने के लिए किस तरह निर्णय लें. हमारी नैतिक परंपरा की जड़ें उन कैथोलिक मूल्यों में निहित हैं जो बताती हैं कि हम किस तरह उस प्रत्येक व्यक्ति से सहभागिता करें, संस्कृति, विश्वास एवं परंपराओं की समृद्ध व्यापकता का सम्मान करें जिन्हें हम सेवाएँ देते हैं साथ ही जिनके साथ हम काम करते हैं. नैतिकता के संदर्भ में, अखंडता का मूल्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि वह हमें अपनी कही हुई बात को अपने काम के साथ रखने के लिए मज़बूर करती है.

निदेशक मंडल, स्टाफ़, चिकित्सक और स्वयंसेवक के रूप में, यह हमारा उत्तरदायित्व है कि हम अपने सभी व्यवहारों, मनोभावों और निर्णयों में अखंडता का प्रदर्शन करें– यही नैतिक अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है.

# स्वास्थ्य नैतिकता मार्गदर्शिका पर आधारित

## (Grounded in the **Health Ethics Guide**)

नैतिक अखंडता के प्रति हमारा वचन स्वास्थ्य नैतिकता मार्गदर्शिका में निहित है. मार्गदर्शिका कैथोलिक हेल्थ अलायंस ऑफ़ कनाडा द्वारा प्रकाशित की गई है और कनाडियन काउंसिल ऑफ़ कैथोलिक बिशप्स द्वारा स्वीकृत है. यह नैतिक विवेक और निर्णय लेने के लिए हमारा प्राथमिक संसाधन है. नैतिक अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इसी काम पर निर्भर है.

सभी चिकित्सकीय एवं प्रशासकीय नेतृत्वकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वास्थ्य नीति मार्गदर्शिका को महत्वपूर्ण रूप से लागू करके और उसे प्रदर्शित करके निर्णय लेने की सूचना दें, और संपूर्ण संगठन में उसके उपयोग का प्रचार-प्रसार करें. हम उसका उपयोग अपने कई जटिल प्रशासन, व्यवस्थापकीय, परिचालनात्मक एवं चिकित्सकीय निर्णयों की रोशनी में अपने संगठनात्मक मूल्यों को महत्व देने में सहायता के लिए करते हैं.

यही वह तरीका है जिससे हम *"कैथोलिक मूल्यों के नेतृत्व में, सहानुभूति से देखभाल करते हैं."*

# हमारे मूल्यों में निहित

## (Rooted in **our Values**)

कैथोलिक संगठन के रूप में, हम सभी मान्यताओं, संस्कृतियों और परिस्थितियों के लोगों को अपने मूल्यों के अनुसार सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं:

**सहानुभूति**

**सामाजिक न्याय**

**सम्मान**

**अखंडता**

**सहयोग**

**प्रबंधन**

### हमारा मिशन
### (Our mission)

*हमसे कहा गया है कि हम जीवन के सभी चरणों में सभी सहानुभूति के साथ, जीवन की पवित्रता को कायम रखते हुए, और व्यक्ति के संपूर्ण–तन, मन और आत्मा की देखभाल करते हुए यीशु की चिकित्सा सत्ता को जारी रखें.*

### हमारा दृष्टिकोण
### (Our vision)

*सेवा के अपने मिशन से प्रेरित होकर, हम स्वास्थ्य कल्याण में परिवर्तन लाने वाले अग्रणी और सहयोगी बने रहेंगे और स्वास्थ्य तथा उपचार के जीवंत समुदायों का निर्माण करते रहेंगे.*

# सहानुभूति
## (Compassion)

*Covenant Health में हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:*

### जो कुछ भी करते हैं उसमें उन लोगों को केंद्र में रखें जिन्हें हम सेवाएँ देते हैं

*हम अपने सभी चिकित्सकीय, परिचालनात्मक, रणनीतिक एवं प्रबंधन संबंधी निर्णयों का मूल्यांकन करेंगे जिससे दूसरों के स्वास्थ्य में सकारात्मक रूप से सुधार हो*

### लोगों के जीवन की शुरुआत और जीवन के अंत के समय में देखभाल

*हम गर्भाधान से लेकर प्राकृतिक मृत्यु तक, सभी व्यक्तियों की आंतरिक गरिमा को बनाए रखेंगे और उसका सम्मान करेंगे*

### चिकित्सकीय लाभों एवं भार का मापन

*जब भार, आशान्वित या प्राप्त होने वाले लाभों की तुलना में अधिक हो जाता है तब हम लोगों द्वारा उपचार को त्यागने या उसे रोकने की स्वतंत्रता और सूचित निर्णय का सम्मान करेंगे*

# सम्मान
## (Respect)

*Covenant Health में हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:*

### लोगों का उपचार सम्मान के साथ करना

*हम दूसरों के साथ अपनी सभी बातों में सम्मानजनक व्यवहार, बोली, और मनोभाव के माध्यम से अपना आचरण रखेंगे*

### उपयुक्त स्तर पर विरोध का समाधान करना और उसे छिन्न-भिन्न करना

*हम विरोधाभास होने पर एक-दूसरे के साथ सम्मानजनक तरीके से उसे हल करने का कार्य करेंगे*

### गोपनीयता बनाए रखना

*हम व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करते हुए और गोपनीयता बनाए रखते हुए, सभी आवश्यक कानूनी आवश्यकताओं का सम्मान करते हुए विश्वास का माहौल बनाएँगे*

# सहयोग
## (Collaboration)

*Covenant Health में हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:*

### सहभागियों के साथ सहयोग करना

*विरोधाभासों में मध्यस्थता एवं उनका समाधान करने के लिए सकारात्मक कदमों के साथ ही, हम सबसे बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए दूसरे के साथ सहयोग करके अपने सहयोग करने के मूल्यों को जीवंत रखेंगे*

### विविधता का सम्मान करना

*हम उन लोगों की विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, आस्थाओं और मान्यताओं का सम्मान करेंगे जिन्हें हम सेवाएँ देते हैं और समावेशी व्यवहारों का प्रचार-प्रसार करेंगे*

### कर्तव्यनिष्ठ आपत्ति लेना

*हम ऐसे ईमानदार लोगों की सहायता करेंगे जो ऐसी गतिविधि में भाग नहीं ले सकते हैं जिसे अनैतिक या उनके पेशेवर आचरण संहिता के विपरीत माना जाता है, उन लोगों को छोड़े बिना जो ऐसे ईमानदार या पेशेवर निर्णयों द्वारा प्रभावित हो सकते हैं*

# सामाजिक न्याय
## (Social Justice)

*Covenant Health में हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:*

### हितों के टकराव को कम करना और उनका प्रबंधन करना

*हम हितों के टकराव की घोषणा करेंगे और आदर्श कॉर्पोरेट नागरिकों के रूप में अपने सभी व्यावसायिक सौदों में कानूनी, संवैधानिक और नैतिक आचरण का पालन करेंगे*

### पर्यावरणीय प्रबंधन का प्रचार करना

*हम पुनर्चक्रण, ऊर्जा संरक्षण तथा अन्य हरित उपक्रमों का समर्थन करेंगे*

### केवल सामाजिक नीति की दिशा में काम करना

*हम आय के वैकल्पिक साधन खोजेंगे और ऐसी भर्ती प्रथाओं में संलग्न होंगे जिनसे सामाजिक न्याय का प्रचार-प्रसार हो*

# अखंडता

## (Integrity)

*Covenant Health में हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:*

### शिकायतों का समाधान करना

*हम शिकायतों का समाधान करेंगे और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्ता, सुरक्षा एवं रोगियों/निवासियों की समस्याओं पर ध्यान देंगे*

### विपरीत घटनाओं का प्रकटीकरण

*हम अन्वेषण, शिक्षण और सतत गुणवत्ता सुधार की संस्कृति का प्रचार-प्रसार करेंगे*

### नैतिक अवशिष्ट की घटनाओं को कम करना

*व्यक्तिगत अखंडता का संरक्षण और सम्मान करने के लिए हम बड़े निर्णय लेने में अपने स्टाफ़ के विचारशील नैतिक विकल्पों का समर्थन करेंगे*

# प्रबंधन

## (Stewardship)

*Covenant Health में हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम:*

### जिम्मेदार संसाधन आबंटन विकल्प चुनना

*हम संगठन के मिशन, मूल्यों एवं रणनीतिक दिशानिर्देशों के अनुसार अपने संसाधन आबंटन निर्णयों का मार्गदर्शन करेंगे*

### नैतिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना

*हम सुनिश्चित करेंगे कि संगठन के सभी लोगों द्वारा सार्थक निर्णय लेने के लिए संसाधन उपलब्ध हों*

### अनैतिक व्यवहार से जुड़ी चिंताएँ व्यक्त करने का माध्यम बनाना

*हम संगठन के मिशन, मूल्यों तथा ख्याति को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले सुनियोजित व्यवहारों से संबंधित विधि सम्मत शिकायतों का जवाब देंगे*

# हर किसी को एक भूमिका निभानी है

## (Everyone has a role to play)

संगठन में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति प्रति दिन नैतिक निर्णय लेगा. इसलिए, संगठन की नैतिक संस्कृति, या चरित्र निर्मित करने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका है. *नैतिक अखंडता के प्रति हमारी* प्रतिबद्धता हमें नैतिक व्यवहार का प्रचार-प्रसार करने और लोगों के साथ प्रत्यक्ष रूप से और सम्मानजनक तरीके से नैतिक विरोधाभासों का समाधान करने का आह्वान करती है. जिस तरह हम अधिकांश चिकित्सकीय नैतिकता संबंधी समस्याओं को शुरुआत में ही हल कर लेते हैं, उसी तरह संगठन में नैतिक विरोधाभास की समस्याओं को भी उनके उद्गम स्थानों पर ही हल कर लिया जाता है.  इसे सहायता का सिद्धांत कहा जाता है.

जब हम विरोधाभास को दूसरे स्तर पर ले जाए बिना ही उसे सीधे लोगों के साथ मिलकर सुलझा सकते हैं, तो हम अपनी इच्छित नैतिक संस्कृति निर्मित करने में बेहतर स्वामित्व स्थापित करते हैं. यद्यपि कभी-कभी यह स्पष्ट करने के लिए बाहरी विशेषज्ञ की सलाह लेना आवश्यक हो सकता है कि किस कारण से नैतिक रूप से बचाव-योग्य कार्रवाई हो सकती है, फिर भी subsidiarity आश्वस्त करती है कि हम नैतिकता के प्रतिनिधि हैं, और हम अपने व्यवहार, मनोभावों एवं निर्णयों के माध्यम से अपने संगठन की नैतिक संस्कृति को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं.

संगठन में नैतिकता व्याप्त करने वाला यह मूलभूत, आगे न ले जाने का दृष्टिकोण शैक्षणिक संसाधनों, उपदेशक एवं आंतरिक प्रक्रियाओं के माध्यम से समर्थित है.

# हमारा **वचन**

## (Our **promise**)

*नैतिक अखंडता के प्रति हमारी* प्रतिबद्धता आचरण संहिता की अपेक्षा कहीं अधिक– है, यह एक वचन है. कैथोलिक स्वास्थ्य कल्याण की परंपरा सर्वोच्च चिकित्सकीय मानकों को बनाए रखने की समृद्ध विरासत पर आधारित है जो सुनिश्चित करती है कि हम जो कुछ भी करें, उसमें रोगी और निवासी केंद्र में रहें. हम एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करने का वचन देते हैं जो हमारे स्टाफ़, चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों को फ़लने-फ़ूलने देगी, उन्हें यह जानने देगें कि हम ऐसे निर्णय ले रहे हैं और व्यवहार के ऐसे मानक निर्धारित कर रहे हैं जो प्रत्यक्ष रूप से उन लोगों की सहायता करेंगे जिन्हें हम अपनी सेवाएँ देते हैं.

यह *नैतिक अखंडता के प्रति हमारी* प्रतिबद्धता, और Covenant Health की कसौटी है जिस पर हमें गर्व है.

"अंत में, प्रिय, जो कुछ भी सही है,<br>
जो कुछ भी सम्मानीय है,<br>
जो कुछ भी है,<br>
जो कुछ भी शुद्ध है,<br>
जो कुछ भी सुखद है,<br>
जो कुछ भी सराहनीय है,<br>
यदि कुछ भी उत्कृष्ट है और यदि कुछ भी<br>
तारीफ करने योग्य है,<br>
तो इन चीज़ों के बारे में सोचें"

फिलीपियंस 4:8a

# संसाधन
## (Resources)

नैतिकता पर चर्चा का समर्थन करने वाले कुछ संसाधन उपलब्ध हैं, Covenant Health के मूल्य और नैतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया:

*स्वास्थ्य नैतिकता मार्गदर्शिका*

वर्तमान स्वास्थ्य नैतिकता मार्गदर्शिका यहाँ ऑन-लाइन उपलब्ध है: http://www.chac.ca/resources/ethics/ethicsguide_e.php

*Covenant Health में नैतिकता*

*नैतिकता केंद्र*, शिक्षा एवं घटनाओं, नैतिकता सेवाओं आदि के बारे में जानने के लिए हमारे नैतिकता केंद्र पर जाएँ.

CompassionNet पर आंतरिक साइट: देखभाल और सुरक्षा > नैतिकता केंद्र

बाहरी साइट: CovenantHealth.ca/ethics-centre

*मिशन विचार टूल*

Covenant Health मिशन विचार टूल, जिसमें एक कार्यशील टेम्प्लेट शामिल है, यहाँ ऑन-लाइन उपलब्ध है: http://www.covenanthealth.ca/media/15152/Mission_discernment_Tool.pdf

साथ ही, Covenant Health मिशन, मूल्यों तथा नैतिक परंपराओं को हमारी संचालनात्मक प्रक्रियाओं में स्थापित करने और उन्हें और भी बेहतर बनाने के लिए कई प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध हैं:

- Covenant Health नेतृत्व प्रोग्राम
- सुविधा प्रदर्शन के लक्ष्य जो हमारे मिशन को आगे बढ़ाते हैं (मिशन का आँकलन)
- प्रदर्शन मूल्यांकन एवं कार्रवाई की योजना
- रोगी संबंध मध्यस्थ एवं प्रकटीकरण प्रशिक्षक
- समस्या की जड़ का पता लगाने वाला विश्लेषण
- नैतिक निर्णय लेने का ढाँचा
- गुणवत्ता आवश्वासन समिति की चर्चाएँ
- आंतरिक अंकेक्षण एवं वित्तीय समीक्षाएँ
- चिकित्सकीय एवं संगठनात्मक नैतिकता दल एवं परामर्शदाता

यदि आप इन संसाधनों की प्रतियाँ प्राप्त करना चाहें या हमारी आचरण संहिता पर अपनी टीम के साथ एक शैक्षणिक सत्र आयोजित करना चाहें, तो कृपया पर mes@covenanthealth.ca ईमेल करके या 780.735.9597 पर फ़ोन करके मिशन, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता विभाग से संपर्क करें.

**CovenantHealth.ca**

अप्रैल 2015